(c) by when Government are going to fill up these vacancies; and

(d) it the answer to part (c) above be in the negative, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) The vacancies obtaining on Souht-Eastern Railway are 5184 (as on 31-12-1987).

(b) The vacancies are in various categories in different groups.

(c) and (d) Vacancies keep occurring due to normal attrition, creation of new posts etc. The vacancies are in both recruitment grade as well as promotion grade. The vacancies are filled up by the Railway Administrations, either by making the recruitment through Railway Recruitment Boards, giving due publicity to the recruitment. Vacancies in Group 'D' are at present, mostly filled up by the screening and absorption of casual labour and substitutes as per extant instructions. Vacancies to be filled by promotion are filled up by selection, suitability test, trade test, etc. in accordance with the prescribed procedure.

Occurrence of vacancies and filling them are thus a part of a continuous process and these actvities are continuously in progress.

अहमदाबाद से नियमित रूप से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ाने

565. **श्री मोर्जा इर्शाद बेग :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए अहमदाबाद को एक अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के रूप में विकसित करने का अन्तिम निर्णय ले लिया है यदि नहीं तो यह निर्णय कब तक ले लिया जाएगा, क्या इस परियोजन के लिए पूणे को चुना गया है, यदि हां, तो उसके क्या कारण है और इस संबंध में कार्य की प्रगति क्या है ;

(ख) इस संबंध में राज्य सरकारों और वाणिज्यिक संगठनों से संख्या आवेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ग) इस सेवा को आरम्भ करने के लिए अहमदाबाद में धावनपट्टी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या-क्या प्रबन्ध किए गए हैं ; इसके विस्तार की क्या योजनाएं हैं तथा यह सेवा कब तक आरम्भ कर दी जाएगी ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) जी नहीं । इस मामले में यह संभव नहीं कि एक निश्चित समय बताया जाए। पूणे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) हाल ही में कई वाणिज्यिक संगठनों जैसे गुजरात चैम्बर आफ कामर्स, कुछ संसद सदस्यों तथा गुजरात सरकार से पत्राचार प्राप्त हुआ है ।

(ग) वर्तमान धावनपथ तथा एयरबस 310 प्रकार के विमान के परिचालन के लिए उपयुक्त सहायक पेवमेन्टो को मजबूत करने तथा एक नये अन्तर्राष्ट्रीय टर्मिनल काम्प्लैक्स के निर्माण का प्रस्ताव है । इस कार्य को वर्ष 1988-89 की वार्षिक योजना अवधि के दौरान किए जाने का प्रस्ताव है । कार्य को पूर्ण करने की अवधि या सेवाओं को शुरु करने की तारीख को इस समय इंगित नहीं किया जा सकता ।

रेलगाड़ियों में टेलीविजन सेटों का लगाया जाना

455. **श्री मोर्जा इर्शाद बेग :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : क्या रेलगाड़ियों में यात्रियों के लिए

टेलीविजन सेट लगाने की कोई योजना है, यदि यहां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : रेल प्रशासनों को कुछ जोड़ी गाड़ियों के वातानुकूल सवारी डिब्बों में विशेष शर्तों पर निजी उद्यमियों के माध्यम से उनकी लागत पर सी सी टी वी प्रणाली को आरम्भ करने के लिए संभावनाओं का पता लगाने को कहा गया है। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

गुजरात तथा अन्य राज्यों में यात्री तथा मालगाड़ियों की समय सारणी में परिवर्तन

567. **श्री मीर्जा इर्शाद बेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गाड़ियों के प्रचलन दिवसों में वृद्धि करने हेतु गुजरात और अन्य राज्यों में यात्री और मालगाड़ियों की समय सारणी में कुछ परिवर्तन किए जाने का विचार है, यदि हां, तो गाड़ियों के प्रचालन दिवसों में कितनी वृद्धि की जाएगी तथा यह वृद्धि कब से तथा किन किन गाड़ियों के लिए की जाएगी , और

(ख) सर्वोदय एक्सप्रेस और आश्रम एक्सप्रेस अहमदाबाद से दिल्ली के लिए दैनिक गाड़ी के रूप में कब से चलाई जाएगी ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) माल गाड़ियों के लिए, कोई निर्धारित अनुसूची नहीं है। नवम्बर, 1988 की समय सारणी में निम्नलिखित पैसेंजर गाड़ियों के फेरों में वृद्धि कर दी गयी है :–

(1) 505/506 आश्रम एक्सप्रेस को सप्ताह में 4 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में।

(2) 59/60 गीतांजलि एक्सप्रेस सप्ताह में 5 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में।

(3) 933/934 बम्बई, लखनऊ एक्सप्रेस सप्ताह में 4 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में,

(4) 5/6 विदर्भ एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिन की बजाय सप्ताह में 4 दिन,

(5) 951/952 हावड़ा-कोच्चिन एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन की बजाय सप्ताह में 3 दिन ,

(6) 131/132 जम्मूतवी-मद्रास एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन की बजाय सप्ताह में 3 दिन .

(ख) यातायात की अपेक्षाओं के आधार पर आश्रम एक्सप्रेस को 1.11.88 से दैनिक गाड़ी बना दिया गया है। सर्वोदय एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि करना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं पाया गया।

खेल-कूद संबंधी सुविधाओं के बारे में मास्को वार्ता

568. **श्री मीर्जा इर्शाद बेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलकूद के संबंध में मास्को वार्ता के दौरान हुए समझौते का ब्यौरा क्या है और इसे कब तक लागू कर दिया जाएगा ; और

(ख) रेलवे द्वारा खिलाड़ियों को क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तथा उन्हें और क्या क्या नई सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का विचार है तथा ये सुविधाएं कब उपलब्ध कराई जायेंगी ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) एक व्यापक समझौता किया गया था जो टीमों के आदान प्रदान, भारत में सोवियत संघ, के प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तथा सोवियत संघ में प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावना से संबंधित है।

(ख) खिलाड़ियों को विशेष आकस्मिक छुट्टी, यात्रा, आवास, नियमित कोचिंग कैम्पों में प्रशिक्षण, आदि जैसी सुविधाएं दी जाती हैं ?